# बिहार सरकार
# ग्रामीण कार्य विभाग

## कार्यालय आदेश

आदेश संख्या:– 2/अ0प्र0–1–208/2017 25 /पटना, दिनांक :– 3.2.23

डुमरा बाँध से मौलानगर मस्जिद तक दो आर0सी0सी0 पुलिया निजी जमीन पर बनाये जाने, culvert में 100A के स्थान पर Unclassed bricks लगाये जाने एवं पथ में कराये गये CC Pavement के मध्य में 200mm के स्थान पर 120mm से कम मुटाई पाये जाने के आरोप में विभागीय पत्रांक 3587 अनु0 दिनांक 15.12.2017 द्वारा श्री उदय शंकर प्रसाद सिंह, तदेन कनीय अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, बेलसंड से स्पष्टीकरण की माँग की गई।

2. श्री सिंह, कनीय अभियंता से प्राप्त स्पष्टीकरण के समीक्षोपरांत स्वीकार योग्य नहीं पाये जाने के फलस्वरूप इनके विरूद्ध कार्यालय आदेश सं0–15 सह पठित ज्ञापांक–212 अनु0 दिनांक–28.01.2019 द्वारा बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम 17 के तहत मुख्य अभियंता–3, ग्रामीण कार्य विभाग के अधीन विभागीय कार्यवाही संचालित की गई।

3. मुख्य अभियंता–3–सह–संचालन पदाधिकारी, ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा अपने पत्रांक–832 अनु0 दिनांक–29.01.2021 के माध्यम से उक्त विभागीय कार्यवाही का जाँच प्रतिवेदन समर्पित किया गया। जिसमें श्री सिंह के विरूद्ध गठित आरोपों को अप्रमाणित होने का मंतव्य संचालन पदाधिकारी द्वारा दिया गया।

4. संचालन पदाधिकारी से प्राप्त जाँच प्रतिवेदन के आलोक में मामले की समग्र समीक्षा की गई। जाँच प्रतिवेदन से असहमति का कोई आधार परिलक्षित नहीं होने के फलस्वरूप समीक्षोपरांत संचालन पदाधिकारी के जाँच प्रतिवेदन से सहमत होते हुए श्री उदय शंकर प्रसाद सिंह, तदेन कनीय अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, बेलसंड को प्रश्नगत आरोप से मुक्त करने का निर्णय लिया गया है।

5. अतः श्री उदय शंकर प्रसाद सिंह, तदेन कनीय अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, बेलसंड को प्रश्नगत आरोपों से मुक्त किया जाता है।

(अशोक कुमार मिश्रा)
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक :–2/अ0प्र0–1–208/2017 286 /पटना, दिनांक :– 3.2.23

**प्रतिलिपि** :– सचिव के प्रधान आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग/अभियंता प्रमुख के आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना/अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, सीतामढ़ी/कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, बेलसंड/महनार/प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–4, ग्रामीण कार्य विभाग/विभागीय आई0टी0 मैनेजर/श्री उदय शंकर प्रसाद सिंह, तदेन कनीय अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, बेलसंड सम्प्रति कनीय अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, महनार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख